NT>

Title: Need to provide more halts of the trains running in East Delhi.

श्री लाल बिहारी तिवारी (पूर्वी दिल्ली): सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र पूर्वी दिल्ली जो दिल्ली का लगभग एक तिहाई हिस्सा है, जहां की आबादी लगभग ३६ लाख है और जहां गरीब तथा मध्यम वर्ग के लोग भारी संख्या में रहते हैं। इस बढ़ती हुई आबादी के देखते हुए यहां की परिवहन व्यवस्था में काफी कुछ करने की आवश्यकता है। यहां से लाखों लोग प्रतिदिन दिल्ली के विभिन्न भागों में अपने काम धन्धों पर आते-जाते हैं। यहां एक दो ही रेलवे स्टेशन हैं, एक शाहदरा व दूसरा आन्नद विहार है, जो कि अपर्याप्त हैं।

अतः मेरी सरकार से मांग है यहां पर सीलमपुर-गांधी नगर, नन्दनगरी व मण्डावली-चन्द्र नगर पर नए रेलवे स्टेशन/हाल्ट शीघ्र शुरू किया जाए, जिससे लाखों लोगों को दूर न जाना पड़े और समय की भी बचत हो।